Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to construct railway under passes (RUB) in Muzaffarpur Parliamentary Constituency, Bihar-laid.

श्री अजय निषाद (मुजफ्फरपुर): माननीय रेल मंत्री जी ने वित्तीय बजट में मेरे लोक सभा क्षेत्र मुजफ्फरपुर अंतर्गत सतपुरा, रामदयालू नगर, गोबरसही समेत अनेकों जगहों पर अंडरपास बनाने का प्रावधान किया था लेकिन अभी तक इस संदर्भ में किसी भी सकारात्मक कार्रवाई की कोई सूचना नहीं है । जबकि आये दिन इन अंडरपासों के अभाव में शहर में आमजनों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ।

मैं सरकार से मांग करना चाहूँगा कि विगत वित्तीय प्रावधानों के मद्देनजर हमारे संसदीय क्षेत्र मुजफ्फरपुर अंतर्गत घोषित अंडरपासों को निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराया जाए ।